Regarding repair of Muzaffarpur-Janakpur-Orai road and construction of a bridge over Bagmati River in Bihar ? laid

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): बिहार प्रदेश अन्तर्गत अपने संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर स्थित मुजफ्फरपुर- जनकपुर वाया औराई सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार एवं बभनगामा घाट पर बागमती नदी में पुल निर्माण कराये जाने की ओर मैं केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । प्राचीन काल से ही मुजफ्फरपुर से जनकपुर नेपाल जाने के लिए गरहा-हथौड़ी-अमनौर-औराई- पुपरी होते हुए सड़क की उपलब्धता रही है । यह सड़क अंतरराष्ट्रीय स्तर की रही है । भौगोलिक उथल-पुथल व बागमती नदी पर पुल न होने के कारण विगत कई वर्षों से यह सड़क बाधित है । इसी मार्ग में बागमती नदी आती है, जिसके उत्तरी व दक्षिणी बाँधों के बीच बभनगामा घाट पर पुल न होने के कारण लाखों लोगों को आवागमन की परेशानियाँ सालों से बनी हुई है । मैंने अपने पत्र के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार को पुल निर्माण और उपरोक्त सड़क नर्ग के जीर्णोद्धार के लिए आग्रह किया था लेकिन मुझे सूचित किया गया कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है बल्कि बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग के मातहत आता है । तदुनोरांत मैंने इसे बिहार सरकार के सामने भी कई बार उठाया है लेकिन बिहार सरकार की उदासीनता और आमजनों की परेशानियों के मद्देनजर मैं पुनः केन्द्र सरकार से माँग करना चाहूँगा कि बिहार सरकार को केन्द्र के स्तर से निदेर्शित किया जाए ताकि बिहार सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त सड़क का जीर्णोद्धार एवं बागनती नदी के बभनगामा घाट पर पुल का निर्माण कराया जाए ।